प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.6.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/18:00 बजे

चुनाव

भाजपा सांसद ओम बिरला को आज ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने ओम बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। अपने संबोधन में ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संसदीय मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करना उनकी प्राथमिकताएं होंगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ओम बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि उनके दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों में उनके मार्गदर्शन में काम करेगा और सांसद के रूप में ओम बिरला के कार्य नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होंगे।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने ओम बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग विश्वास के आधार पर होता है और सदन में विरोध की आवाजें उठने दी जानी चाहिए।

बिंदल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ओम बिरला को फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के पहले दिन ही आपातकाल पर प्रस्ताव लाने की प्रशंसा की और इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये लोकसभा अध्यक्ष की सबसे बड़ी पहल है जिससे साबित होता है कि लोकतंत्र से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान में 5 संशोधन किए जिनका लक्ष्य सारी शक्तियों का केन्द्रीयकरण करना न्यायपालिका पर नियंत्रण करना और संविधान के मूल सिद्धांत को खत्म करना था।

राज्यपाल

जे.पी आंदोलन के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर मंगलवार देर शाम इंडिया इंटरनेशलन सेंटर नई दिल्ली में संपूर्ण क्रांति आंदोलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जयप्रकाश नारायण को भारत के नव निर्माण का महान नायक बताया। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि उनके प्रयासों के फलस्वरूप आज प्रदेश में लोकतंत्र को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता, संघर्ष और देश के निर्माण में जे.पी. नारायण का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। इस मौके पर राज्यपाल ने संपूर्ण क्र्ांति आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 12 लोगों को जे.पी. सैनानी सम्मान से सम्मानित भी किया।

पठानिया

प्रदेश में 6 विधायकों की बर्खास्तगी और तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर राजनीति गर्मा गई है। बीते कल विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की ओर से इन मामलों में विधानसभा अध्यक्ष के फैसलों पर उठाए गए सवाल के जवाब में आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पलटवार किया। उन्होंने जयराम ठाकुर को अपनी जुबान पर संयंम रखने और सदन व न्यायालय के फैसले पर गलत बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता गलत बयानबाजी करने से बाज नहीं आए तो वे उनके खिलाफ भी सदन की अवमानना के लिए उन्हें मजबूरन कानूनी कार्रवाई अमल में लानी पड़ेगी। पठानिया ने कहा कि 6 विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों के खिलाफ संवैधानिक अधिकार शैड्यूल दस के तहत विधानसभा सचिवालय ने जो कार्रवाई की है, उसे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी सही ठहराया है।

नामांकन

प्रदेश के तीन विधानसभा उपचुनाव में नामांकन वापसी के आज आखिरी दिन दो प्रत्याशियों ने अपने नाम वापिस लिए जिसके बाद अब कुल 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। चुनाव विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि देहरा से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापिस नहीं लिया और यहां कुल 5 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। हमीरपुर में निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप कुमार की नामांकन वापसी के बाद 3 प्रत्याशी और नालागढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी गुरनाम सिंह की नामांकन वापसी के बाद 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

प्रतिभा सिंह

कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन की मजबूत आवाज बनकर

संविधान की रक्षा और बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में विपक्ष की आवाज को बुलंद करेंगे।

——————————————————